परियोजना का नाम– जनपद रुद्रप्रयाग के अर्न्तगत रुद्रप्रयाग बाई पास द्वितीय चरण के लिए 900 मीटर भूमिगत सुरंग के निर्माण हेतु प्रस्तावित 3.680 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु सीमा सडक संगठन को प्रत्यावर्तन

प्रतिवेदन

(परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद रुद्रप्रयाग के अर्न्तगत रुद्रप्रयाग बाई पास द्वितीय चरण के लिये रुद्रप्रयाग–गौरीकुण्ड राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–109 (नया एन0एच0–107) के किमी0 1.650 (ग्राम सान्दर में मन्दाकिनी नदी पर निर्मित पुल) से 900 मीटर लम्बाई में भूमिगत सुरंग का निर्माण करते हुये सुरंग की निकासी रुद्रप्रयाग–कुरझण–चोपडा मोटर मार्ग के प्रारम्भिक बिन्दु के समीप किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित भूमिगत सुरंग के निर्माण हेतु सुरंग विशेषज्ञो एवं भू–वैज्ञानिकों के द्वारा अपनी भू–गर्भीय जांच आख्या पूर्व ही राष्ट्रीय राजमार्ग परिवहन मंत्रालय को भेजी गयी है।

जनपद रुद्रप्रयाग धार्मिक स्थल होने के साथ–साथ केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम को जोड़ने वाला केन्द्र बिन्दु भी है। यातायात एवं जनमानस के बढते दबाव को दृष्टिगत रखते हुये पूर्व में रुद्रप्रयाग बाई पास प्रथम चरण का निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। द्वितीय चरण के निर्माण हेतु भूमिगत सुरंग का प्रस्ताव घनी आबादी एवं वर्तमान सड़क के दोनो और निर्मित आवासीय भवनो/दुकानो का निर्माण स्थानीय निवासियों एव व्यापारियों द्वारा सड़क के दोनो तरफ किया गया है, जिससे वर्तमान सडक का विस्तारीकरण /चौडीकरण किया जाना सम्भव नही है। वर्तमान सड़क का विस्तारीकरण/चौडीकरण करने से स्थानीय व्यापारियों/जनमानस के रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा एव अधिक संख्या में लोग बेघर अथवा बेरोजगार हो जायेंगे।

उपरोक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुये स्थानीय लोगों के व्यवसाय, रोजगार एवं मानवीय व्यवधान को दृष्टिगत रखते हुये यह परियोजना प्रस्तावित की गयी है, जो स्थानीय जनमानस के साथ–साथ देश–विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों/पर्यटकों के आवागमन में भी मील का पत्थर साबित होगी एवं सुलभ यातायात हेतु अत्यधिक प्रभावी होगी । प्रस्तावित परियोजना हेतु 3.680 हे0 वन भूमि प्रस्तावित है, भूमिगत सुरंग के निर्माण से किसी भी जनमानस अथवा कोई पर्यावरणीय क्षति नही होगी। उक्त परियोजना के निर्माण में किसी प्रकार के वृक्ष प्रभावित नही हो रहे है।

ह0/–

(प्रयोक्ता एजेन्सी)
(Nagendra Kumar)
Executive Engineer (C
Officer Commanding
66 RCC (GREF)

उप वन संरक्षक
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग

Scanned by CamScanner